# प्रतिवेदन

परियोजना का नाम : **जिला योजना के अन्तर्गत मयाली–गुप्तकाशी यात्रा मार्ग के किमी0 13.50 में पुल से पाण्डवथली रा0आयु0 चिकित्सालय–रा0उ0मा0वि0 पाण्डवथली–उछोना–माना मोटर मार्ग ल0 1.00 किमी0 (वा0 0.600 किमी0) के निर्माण हेतु लोक निर्माण विभाग को वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव)**

इस मार्ग के नव निर्माण की स्वीकृति जिला योजना (मुख्यमंत्री घोषणा) के अन्तर्गत जिलाधिकारी रूद्रप्रयाग के पत्र संख्या 532/जिला योजना/अर्थ एवं संख्या/लो0नि0वि0/2012–13 दिनांक 11.09.2012 द्वारा लम्बाई 1.00 किमी0 हेतु लागत रू0 12.60 लाख (प्रथम चरण) की प्राप्त है। छाया प्रति संलग्न हैं।

यह मार्ग पूव स्वीकृत मयाली–गुप्तकाशी मोटर मार्ग के किमी0 13.50 से प्रारम्भ होकर राजकीय आर्युर्वेदिक चिकित्सालय एवं राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पाण्डवथली को जोड़ेगा। मार्ग के प्रारम्भिक सर्वेक्षण के उपरान्त मार्ग की वास्तविक लम्बाई 0.600 किमी0 आती है। मार्ग के निर्माण हो जाने से ग्राम पंचायत नाग व धारकोट को अपने स्वास्थ्य उपचार व बच्चे के स्कूल हाने हेतु सुगम मार्ग उपलब्ध हो जायेगा। जिस हेतु यह वन भूमि प्रस्ताव गठित किया गया है। मार्ग के नव निर्माण में 0.00 है0 वन पंचायत भूमि एवं 0.070 है0 नाप भूमि, 0.3500 है0 सिविल सोयम वन भूमि एवं 0.00 है0 आरक्षित वन भूमि पड़ती है। मार्ग के नव निर्माण हो जाने से इस क्षेत्र में स्थित अति दूरस्थ गांवों/तोकों को भी यातायात, स्वास्थ्य, शिक्षा आदि सुविधाओं का लाभ मिलेगा तथा स्थानीय उत्पाद जैसे धान, गेहूं, केला, सब्जी, माल्टा आदि को बाजार तक लाने में सुविधा होगी।

अतः मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव गठित कर लोक निर्माण विभाग विभाग को हस्तान्तरण हेतु प्रस्तुत है।

**भूमि का प्रकार–**

| | | |
|---|---|---|
| वन पंचायत भूमि | – | 0.0000 हेक्टेयर |
| सिविल सोयम वन भूमि | – | 0.3500 हेक्टेयर |
| आरक्षित वन भूमि | – | 0.0000 हेक्टेयर |
| नाप भूमि | – | 0.0700 हेक्टेयर |
| **कुल क्षेत्रफल** | – | **0.4200 हेक्टेयर** |
| **वांछित क्षेत्रफल** | – | **0.3500 हेक्टेयर** |

उक्त प्रस्ताव के अन्य वांछित प्रमाण पत्र एवं प्रपत्र संलग्न किये गये हैं। अतः लोक निर्माण विभाग को **0.3500 है0** वन भूमि हस्तान्तरण हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है।

| | | |
|---|---|---|
| कनिष्ठ अभियन्ता<br>प्रा0 खण्ड लो0नि0वि0<br>रूद्रप्रयाग | सहायक अभियन्ता<br>प्रा0 खण्ड लो0नि0वि0<br>रूद्रप्रयाग | अधिशासी अभियन्ता<br>प्रा0 खण्ड लो0नि0वि0<br>रूद्रप्रयाग |